वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर

पी–एच0 डी0 प्रवेश–2020 हेतु आवश्यक दिशा निर्देश

पत्रांकः 3479 शैक्षणिक / 2021 दिनांकः 26.07.2021

सूचना

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि पी–एच0डी0 प्रवेश–2020 से सम्बन्धित समस्त राजकीय / अनुदानित महाविद्यालयों के प्राचार्यों / विश्वविद्यालय परिसर में संचालित पाठ्यक्रमों के विभागाध्यक्षों / शोध निर्देशकों के लिए आवश्यक दिशा निर्देश निम्नवत् हैं –

1. विश्वविद्यालय परिसर एवं सम्बद्ध राजकीय / अनुदानित महाविद्यालयों द्वारा डी0आर0सी0 सम्पन्न कराने हेतु अन्तिम तिथि दिनांक 26.07.2021 से बढ़ाकर दिनांक 07.08.2021 तक करने की संस्तुति की जाती है। विभागाध्यक्ष / प्राचार्य अपने माध्यम से समस्त प्रपत्रों सहित शोध प्रस्ताव विश्वविद्यालय को दिनांक 18.08.2021 सायं 04.00 बजे तक कुलसचिव, वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर को प्रेषित करेंगे, साथ ही विश्वविद्यालय दिनांक 24.08.2021 से 08.09.2021 तक आर0डी0सी0 की प्रक्रिया सम्पन्न करके शोधार्थियों को प्रवेश हेतु पत्र निर्गत किया जायेगा।
2. दिनांक 23.07.2021 की शोध प्रवेश समिति की बैठक में, ऐसे शिक्षक जो शोध निर्देशक बनने के लिए अर्ह पाये गये हैं उनका विवरण विश्वविद्यालय की बेवसाइट पर अपलोड कर दिया जायेगा। जो शिक्षक शोध निर्देशक बनने की अर्हता पूर्ण नहीं करते हैं उनके आवेदन पत्र को समिति द्वारा निरस्त कर दिया गया है।

निदेशक
पी–एच0डी0 प्रवेश परीक्षा–2020

कुलसचिव

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु **प्रेषित** –

1. विशेष कार्याधिकारी कुलपति, मा0 कुलपति महोदय के सूचनार्थ प्रेषित।
2. प्रभारी, बेव मास्टर को इस आशय से कि विश्वविद्यालय बेवसाइट पर उक्त सूचना प्रदर्शित करने का कष्ट करें।

निदेशक
पी–एच0डी0 प्रवेश परीक्षा–2020

कुलसचिव